**व्याख्या -** पं. दुर्गालाल राजस्थान के प्रसिद्ध कत्थक कलाकार हैं जिन्होंने विकलांग बच्चों के लिए कत्थक सीखने की एक विशेष पद्धति विकसित की है। 1992 में केन्द्रीय संगीत नाटक अकादमी ने इन्हें इस नृत्य पद्धति के विकास हेतु पुरस्कृत किया था।

**404. नृत्य-नाटक 'सूरदास' एवं 'शंकरिया' किस पेशेवर जाति से सम्बन्ध रखते हैं?**

(a) पातर (b) नट
(c) भाण्ड (d) भवाई

**उत्तर -** (d)

**RPSC RAS/RTS 1996**

**व्याख्या—**ऐसी मान्यता है, कि 400 वर्ष पूर्व नागोजी जाट ने सामूहिक नाच करने वालों में भवाई जाति की स्थापना की, जो वर्तमान तक नृत्य, नाट्य पेशे के रूप में प्रस्तुत करती चली आयी है। भवाई में कई प्रकार के नाच हैं, जैसे - बोरी, सूरदास, शंकरिया, ढोकरी आदि। भवाई नृत्य की मुख्य विशेषताएं नृत्य अदायगी, शारीरिक क्रियाओं का अद्‌भुत चमत्कार तथा लयकारी की विविधता है।

## (iv) राजस्थान प्रदेश की प्रमुख बोलियाँ/भाषा

**405. निम्नलिखित में किस एक जिले में 'गोड़वाड़ी बोली' बोली जाती है?**

(a) जालौर (b) जैसलमेर
(c) डूंगरपुर (d) अजमेर

**Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-D**

**Ans. (a) :** जालौर जिले की अहोर तहसील के पूर्वी भाग से प्रारम्भ होकर बाली (पाली) में बोली जाने वाली यह मारवाड़ी की उपबोली है। बीसलदेव रासो इस बोली की मुख्य रचना है।

**406. रागड़ी किस बोली की उप-बोली है?**

(a) मालवी (b) मारवाड़ी
(c) मेवाती (d) हाड़ौती

**कनिष्ठ अभियन्ता (डिप्लोमाधारक)-10-05-2022**

**Ans. (a) :** रागड़ी, मालवी की उपबोली है। यह भारत के मालवा क्षेत्र में बोली जाने वाली एक इण्डो-आर्यन भाषा है। यह निमाड़ी बोली से निकटता से सम्बन्धित है जो मध्य प्रदेश के निमाड़ क्षेत्र में बोली जाती है। मालवी की उपबोलियाँ रागड़ी, उज्जैनी, राजवाड़ी, उमाथवाड़ी और सोंधवाड़ी है।

**407. ऐतिहासिक दृष्टि से अहीरवाटी और किस नाम से भी जानी जाती है?**

(a) मेवाती (b) मेवाड़ी
(c) राठी (d) हीरवाली

**Lab Asst. (Science) (II Step) 29.06.2022 Shift-I**

**Ans. (c) :** अहीरवाटी उत्तरी-पूर्वी राजस्थान की एक प्रमुख भाषा है। ऐतिहासिक दृष्टि से अहीरवाटी को 'राठी' बोली भी कहा जाता है। यह मुख्यतः अलवर की बहरोड़ व मुंडावर तहसील, जयपुर की कोटपूतली तहसील के उत्तरी भाग, हरियाणा के गुड़गांव, महेन्द्रगढ़, नारनौल, रोहतक जिलों एवं दिल्ली के दक्षिणी भाग में बोली जाती है।

**408. राजस्थानी भाषा, साहित्य एवं संस्कृति अकादमी कहाँ अवस्थित है?**

(a) बीकानेर (b) जयपुर
(c) उदयपुर (d) जोधपुर

**RPSC RAS (Pre) 2021**

**Ans. (a) :** राजस्थानी भाषा, साहित्य एवं संस्कृति अकादमी बीकानेर में अवस्थित है। इसकी स्थापना 25 जनवरी, 1983 ई. को, राजस्थानी भाषा एवं साहित्य के विकास हेतु की गई। पत्रिका प्रकाश, पोथी प्रकाश, प्रकाशन हेतु सहायता और आंचलिक समारोह इस अकादमी की प्रमुख गतिविधियाँ हैं।

**409. निम्न में से कौन विद्वान है जो राजस्थानी भाषा-बोलियों से सम्बन्धित कार्य के लिए नहीं जाने जाते?**

(a) नोम चोम्स्की (b) जॉर्ज अब्राहम ग्रियर्सन
(c) डॉ. मोतीलाल मेनारिया (d) डॉ. हीरालाल माहेश्वरी

**RPSC OAA-2018 Ag. Deptt (Part-1) 17-10-2022**

**Ans. (a) :** जॉर्ज अब्राहम ग्रियर्सन, डॉ. मोतीलाल मेनारिया, डॉ. हीरालाल माहेश्वरी तथा डा. श्याम सुन्दरदास आदि ने राजस्थानी भाषा का वर्गीकरण किया है। जार्ज ग्रियर्सन ने राजस्थान की भाषा को पश्चिमी हिन्दी से अलग कर एक स्वतंत्र भाषा का रूप प्रदान किया गया । उन्होंने राजस्थानी भाषा की पाँच शाखाएँ बताई।

**410. राजस्थान की भाषा के लिए पहली बार ''राजस्थानी'' शब्द का प्रयोग किसने किया?**

(a) कवि कुशल लाभ (b) जॉर्ज अब्राहम ग्रियर्सन
(c) सूर्यमल मिश्रण (d) जेम्स टॉड

**Pashudhan Sahayak Date. 04.06.2022**

**Ans. (b) :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**411. ग्रियर्सन ने किस बोली को 'भीली' बोली की संज्ञा दी है?**

(a) वागड़ी (b) नीमाड़ी
(c) डिंगल (d) अहीरवाटी

**VDO-2021**

**कनिष्ठ अभियंता (सिविल) (डिग्रीधारक)-18.05.2022**

**Ans. (a) :** ग्रियर्सन महोदय वागड़ी बोली को 'भीली अथवा मेवाड़ी व गुजराती बोली की संज्ञा की है। वागड़ी बोली डूंगरपुर, बांसवाड़ा, दक्षिण-पश्चिम मेवाड़ के पहाड़ी क्षेत्र में बोली जाती है।

**412. मालव प्रदेश के राजपूतों में प्रचलित मारवाड़ी और ढुंढाडी के सम्मिश्रण से उत्पन्न बोली का क्या नाम है?**

(a) मालवी (b) रांगड़ी
(c) मालड़ी (d) मेवाड़ी

**RPSC OAA-2018 Ag. Deptt (Part-1) 17-10-2022**

**Ans. (a) :** मालव प्रदेश के राजपूतों में प्रचलित मारवाड़ी और ढूँढाडी के सम्मिश्रण से उत्पन्न बोली को मालवी कहते हैं। मालवी एक मधुर बोली है। यह राजस्थान के झालावाड़, कोटा एवं प्रतापगढ़ के मालवा क्षेत्र तथा मध्य प्रदेश के समीपवर्ती जिलों में बोली जाती है। यह निमाड़ी की उप बोली है। मालवी बोली पर मराठी भाषा का प्रभाव है। निमाड़ी और रागड़ी, मालवी भाषा की उप बोलियां है।

**413. निमाड़ी उप–बोली है–**

(a) शेखावटी की (b) मेवाड़ी की
(c) बागड़ी की (d) मालवी की

**वन रक्षक-2020 दिनांक 12-11-2022 Shift-I**

**Ans. (d) :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**414. राजस्थान की किस बोली पर मराठी भाषा का प्रभाव है?**

(a) मारवाड़ी (b) ढूंढ़ाड़ी
(c) मेवाड़ी (d) मालवी

**LDC Exam 12.08.2018**

**Ans. (d) –** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।